## एक नजर में



### सांदीपनि के विद्यार्थियों ने किया गुजरात शैक्षणिक भ्रमण

**बुदनी.** शासकीय सांदीपनि विद्यालय सहित जिले के समस्त सांदीपनि विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं उत्कृष्ट शिक्षकों को गुजरात शैक्षणिक भ्रमण का अवसर प्रदान किया गया. यह भ्रमण लोक शिक्षण संचालनालय की संयुक्त संचालक संगीता ठाकुर के नेतृत्व में संपन्न हुआ. इस दौरान सोमनाथ मंदिर, आईआईएम अहमदाबाद, साबरमती आश्रम, साइंस सिटी, अक्षरधाम मंदिर, अमूल डेयरी आनंद, स्टेच्यू ऑफ यूनिटी तथा सरदार सरोवर बांध सहित प्रमुख शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का अवलोकन किया गया. शासकीय सांदीपनि विद्यालय बुदनी से उच्च शिक्षिका अनुपमा दुबे तथा कक्षा 10वीं के विद्यार्थी सुंधाशु पटेल एवं नैनसी कीर को भ्रमण हेतु चयनित किया गया. जिले के दल का नेतृत्व अनुपमा दुबे एवं दल प्रभारी प्राचार्य हरीश बारिया ने किया. भ्रमण से लौटने पर अधिकारियों तथा विद्यालय परिवार द्वारा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया गया.



### इस्कॉन ने किया धर्म संस्कृति परीक्षा का परिणाम घोषित

**आष्टा.** इस्कॉन द्वारा धर्म-संस्कृति परीक्षा का आयोजन किया गया. परीक्षा में नगर के कुल 10 विद्यालयों के 1453 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. परीक्षा पूर्णतः वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित थी. प्रथम स्थान इशिका साहू टेलेंट इनोवेटिव स्कूल ने प्राप्त किया. वहीं द्वितीय स्थान पर दो विद्यार्थियों के बीच टाई रहा जिसमें प्रियंका भाटी सुशीला विद्या मंदिर बागैर और लक्ष्मी मकवाना सरस्वती स्कूल से रही.



### विद्यार्थियों को प्रदान किए प्रमाण पत्र एवं ऑफर लेटर

**सीहोर.** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल कार्यक्रम के तहत संचालित हॉस्पिटैलिटी, इलेक्ट्रिकल एवं हेल्थकेयर कौशल्य विकास प्रशिक्षण केंद्र पर प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया.कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं ऑफर लेटर प्रदान किए. उन्होंने विद्यार्थियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया और सेंटर का निरीक्षण भी किया. मनीष बक्शी द्वारा जिले में संचालित बहुउद्देशीय सामाजिक कार्यों के बारे में जानकारी दी गई. कुछ स्टूडेंट्स ने कार्यक्रम में अपने कार्य अनुभव भी सांझा किए. इस अवसर पर ओपी कुशवाह, राजेश परमार सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित थे.



### हिंदू छात्र-छात्राओं को जबरन न बनाएं सांता

**बुदनी.** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा क्रिसमस डे पर स्कूलों में पढ़ने वाले हिंदू छात्र-छात्राओं को जबरन सांता बनाए जाने पर आपत्ति जताई गई है.संगठन ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि हिंदू संस्कृति के अनुरूप विद्यालयों में ऐसी गतिविधियां कराना उचित नहीं है. इससे धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं. संगठन का कहना है कि यदि किसी भी विद्यालय में हिंदू छात्र-छात्राओं को जबरन सांता बनाए जाने की घटना सामने आती है तो संबंधित स्कूल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी.संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो संगठन आंदोलन करेगा.



### मां पार्वती नदी तट पर हुई भारत माता की आरती

**आष्टा.** विजय दिवस के उपलक्ष्य में नपा परिषद एवं मध्यप्रदेश एक्स सर्विसमेन वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में पार्वती नदी के नवनिर्मित तट पर श्रद्धांजली सभा एवं अमर शहीदों के परिजनों तथा अग्निवीर में चयनित सैनिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा सहित अन्य अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर किया. कार्यक्रम में 301 दीपों से भारत माता एवं मां पार्वती की आरती की गई तथा सन् 1971 में देश के 3800 शहीद सैनिकों को श्रद्धांजली अर्पित की. गायत्री परिवार के प्रमुख डॉ.जीएन नागर, शैलेन्द्र वर्मा द्वारा धार्मिक अनुष्ठान भी किया गया. कार्यक्रम में नपाध्यक्ष श्रीमती मेवाड़ा की उपस्थिति में 5 शहीद सैनिक परिवारों, 25 पूर्व सैनिक योद्धाओं, नव चयनित होकर प्रशिक्षण के लिए जाने वाले 10 अग्निवीर जवानों का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया तथा राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान वाले शहीद हुए सैनिकों को नमन किया.

# मिसमैच मतदाताओं को जारी होंगे नोटिस

## 2003 की मतदाता सूची से मेपिंग नहीं पर नाम मौजूद होने वाले मतदाताओं को बताना होगी अपनी पहचान

- 11 हजार 274 वोटर की 03 की सूची से नहीं हो सकी मेपिंग
- 24 हजार 910 मतदाता कर चुके हैं पलायन

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 19 दिसंबर. मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में गुरुवार रात 12 बजे मैपिंग और डिजिटलाइजेशन की स्थिति साफ हो गई. करीब डेढ़ माह की कवायद के बाद जिले में 43 हजार 431 वोटर नहीं मिले. इनमें से अधिकांश जिले से या तो पलायन कर चुके हैं या उनकी मौत हो गई है. कुछ वोटर ऐसे भी हैं, जिनके नाम अन्य जिलों की मतदाता सूची में थे, लेकिन उन्होंने यहां से अपना नाम नहीं कटवाया. वहीं 11 हजार 274 वोटर की 2003 की मतदाता सूची से मेपिंग नहीं हो पाई. उनके नाम तो मौजूद हैं, लेकिन मौजूदा सूची से वे मिसमैच हो रहे हैं. अब इन मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे. इन्हें अपनी पहचान साबित करना होगी.**

सूची का प्रकाशन 23 दिसंबर को होने के साथ ही आगे की प्रक्रिया होगी। इस सूची में अनमैप्ड मतदाताओं को नोटिस दिए जाएंगे। हर मतदाता केंद्र पर लगी सूची के आधार पर लोग अपने नाम देख सकेंगे और दावे-आपत्ति जमा करेंगे.

गौरतलब है कि 4 नवंबर से शुरू हुए एसआईआर के काम में पूरा प्रशासनिक अमला लगा रहा. 10 लाख 26 हजार 574 मतदाताओं की मैपिंग का काम ऐसे तो 4 दिसंबर को ही पूरा हो गया था, लेकिन इसके बाद दो बार तारीख बढ़ने पर ऐसे मतदाताओं की जानकारी ढूंढने में अमला लगा रहा, जिनके गणना पत्रक जमा नहीं हुए थे. जिले की मतदाता सूची से अब 43 हजार 431 नाम हटाए जाएंगे. जिले में अब 9 लाख 86 हजार 143 मतदाता शेष रहेंगे. इनमें से 11 हजार 274 मतदाता ऐसे हैं, जो अनमैप्ड हैं. यानी इन मतदाताओं ने गणना पत्रक तो भरा है, लेकिन इसमें अधूरी जानकारी है.

इन मतदाताओं की 2003 के पहले की जानकारी नहीं मिली है या फिर इनके परिवार की जानकारी नहीं मिल पाई. इन मतदाताओं को बीएलओ नोटिस जारी करेंगे. मतदाताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज अपने गणना पत्रक के साथ देना होगा. इसके बाद इनके नाम मतदाता सूची में जुड़ सकेंगे. चुनाव आयोग हर साल मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कराता है. इसके बावजूद 43 हजार से ज्यादा ऐसे वोटर एसआईआर में निकल आए, जो मतदाता सूची में होने ही नहीं चाहिए थे. इसी तरह 2673 वोटर ऐसे भी मिले, जिनके नाम पहले से किसी अन्य मतदान केंद्र पर दर्ज था. आंकड़ों पर नजर डालें तो कुल 9 हजार 164 मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है. 24 हजार 910 मतदाता पलायन कर चुके हैं.

### इन पहचान संबंधी दस्तावेज में से एक देना होगा

मतदाताओं को अपना वोटर आईडी, आधार, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, केंद्र/राज्य सरकार या लो सेवा आयोग द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड (फोटो सहित), बैंक/डाकघर की पासबुक (फोटो सहित), श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी हेल्थ इंश्योरेंस स्मार्ट कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), राज्य/केंद्र सरकार द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र आदि प्रस्तुत करना पड़ेगा.

### मैपिंग नहीं हुई तो उनका पक्ष जानने जारी करेंगे नोटिस

43 हजार 431 लोगों के नाम तो मतदाता सूची से कटना तय ही हैं। इनका कोई विकल्प नहीं हो सकता. 11 हजार 274 मतदाता, जिनकी मेपिंग नहीं हो पाई, उनके पाए एक मौका है. उनको नोटिस जारी किए जाएंगे. यह सिलसिला 23 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ होगा. इसमें एआरओ (एसडीएम या तहसीलदार) इन मतदाताओं को नोटिस जारी करेंगे. इन मतदाताओं को शपथ पत्र के साथ आयोग द्वारा तय 13 में से कोई एक पहचान पत्र पेश करना होगा. सुनवाई अतिरिक्त एआरओ यानि नायब तहसीलदार या अतिरिक्त एआरओ के समक्ष होगी. 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी.

### नहीं मिले मतदाताओं की स्थिति पर एक नजर

| विधानसभा | मैपिंग नहीं | मिले नहीं |
|---|---|---|
| बुदनी | 2924 | 11677 |
| आष्टा | 2577 | 7581 |
| इछावर | 2118 | 7138 |
| सीहोर | 3655 | 17035 |
| कुल योग | 11274 | 43431 |

## आपसी विवाद में युवक से मारपीट, मामला दर्ज

**बुधनी.** नगर के ट्राइडेंट क्षेत्र में बीती रात आपसी विवाद के चलते एक युवक के साथ मारपीट की घटना सामने आई है. इससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की. प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्राइडेंट क्षेत्र स्थित एक ढाबे पर दो पक्षों के बीच किसी बात पर कहासुनी हुई, जो मारपीट में बदल गई. विवाद के दौरान चार युवकों ने युवक के साथ मारपीट की. जान बचाने के लिए युवक वहां से भागकर एक पेट्रोल पंप पहुंचा, जहां उसके साथ दोबारा मारपीट की गई. पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में घटना कैद हो गई है. पेट्रोल पंप संचालक द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया. सूत्रों के अनुसार ढाबे पर शराब सेवन के दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद उत्पन्न हुआ था. इस मामले में फरियादी सौरभ सराठे पुत्र चंद्रमोहन सराठे, निवासी ग्राम कुही, थाना रानीपुर, जिला बैतूल की शिकायत पर स्थानीय पुलिस ने आरोपी कुलमारे, संजय सलामे और कुक्की के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है.

# स्वास्थ्य विभाग अमले ने दो क्लीनिक पर की कार्रवाई

- तहसील के कई गांवों में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम
- कई झोलाछाप डॉक्टर क्लीनिक बंद कर भागे



**नवभारत न्यूज**

**आष्टा 19 दिसंबर.** क्षेत्र के फर्जी झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग द्वारा बड़ी और सख्त कार्रवाई की गई. मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में गठित निरीक्षण दल ने एक साथ ग्राम भोंरा, बड़ोदिया गाडरी एवं खाचरोद में छापेमारी कर कार्रवाई को अंजाम दिया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया.

कार्रवाई के दौरान दो फर्जी क्लिनिकों को सील किया गया, वहीं अन्य संदिग्ध चिकित्सकों को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी किए गए। निरीक्षण दल द्वारा ग्राम भोंरा में संचालित फर्जी बंगाली चिकित्सक अभिजीत टिकाकर के क्लिनिक को बंद कराया गया. ग्राम खाचरोद में संचालित डॉक्टर एसआई अली निरीक्षण दल को देखकर क्लिनिक छोड़कर चले गए. स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उनके क्लिनिक को बंद करते हुए नियमानुसार नोटिस चस्पा किया.

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी चिकित्सकों को निर्देश दिए गए कि वे अपनी निर्धारित योग्यता एवं पंजीकृत पद्धति (पैथी) के अतिरिक्त उपचार न करें. साथ ही क्लिनिकों में दवाइयों के अनावश्यक भंडारण पर भी प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए.

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने साफ किया कि भविष्य में भी इस प्रकार की अचानक जांच अभियान लगातार जारी रहेगा, और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी. विभाग की इस कार्रवाई की भनक लगते ही कई गांवों में अवैध रूप से क्लीनिक संचालित कर रहे झोलाछाप डॉक्टर अपनी दुकानें बंद कर वहां से भाग निकले थे.

## सैनानी परिवार प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बने सिंह

**सीहोर.** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर प्रभारी महासचिव डा.संजय कामले की सहमति से स्वतंत्रता संग्राम. सैनानी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अजय सीतलानी ने प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह को प्रदेश सचिव व प्रवक्ता नियुक्त किया है. जिले के कांग्रेस जन तथा सैनानी परिवार सदस्यों ने संतोषसिंह को बधाई देते हुए प्रदेश कांग्रेस नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है.

# रैपिड एक्शन फोर्स ने नगर में किया फ्लैग मार्च

**इछावर 19 दिसंबर.** आरएएफ द्वारा कानून व्यवस्था की दृष्टि से फ्लैग मार्च किया गया.

रैपिड एक्शन फोस जो कानून व्यवस्था की दृष्टि से जिला सीहोर हेतु आवंटित है के द्वारा इछावर क्षेत्रों में भ्रमण किया गया. इस दौरान साम्प्रदायिक चुनौती वाले क्षेत्रों, कानून-व्यवस्था की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों एवं अपराध-संभावित स्थानों का निरीक्षण कर संपूर्ण क्षेत्र के संबंध में आवश्यक जानकारी एकत्रित की गई.



जिला पुलिस बल के साथ समन्वय स्थापित करते हुएफ्लैग मार्च निकाला गया. पुलिस व आरएएफ बल द्वारा खेड़ीपुरा से श्रीराम मंदिर होते हुए, मैन मार्केट, वर्मा चौक, पान चौराहा, यादवपुरा, आज़ाद चौक, बस स्टैंड पंचायत भवन के सामने से होते हुए भ्रमण किया गया.



# नपा के अमले ने जब्त की चार जल मोटर

- 11 हजार 274 वोटर की 03 की सूची से नहीं हो सकी मेपिंग
- 24 हजार 910 मतदाता कर चुके हैं पलायन

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 18 दिसंबर.** अल्पवर्षा के चलते खाली रह गए जलस्त्रोतों में मौजूद पानी को शहर की प्यास बुझाने के लिए संरक्षित किया गया है. इसके बाद भी किसान पेयजल की चोरी करने से बाज नहीं आ रहे. शुक्रवार को नपा के अमले ने कलेक्टर के आदेश पर कार्रवाई करते हुए भगवानपुरा तालाब से किसानों की चार मोटर जब्त की.

इस साल मानसून के दगा दे जाने के कारण शहर की प्यास बुझाने वाले भगवानपुरा और जमोनिया तालाब खाली रह गए हैं. आगामी गर्मी के दिनों में शहर में जलसंकट निर्मित न हो इसके लिए इन तालाबों व पार्वती नदी के काहिरी बंधान में उपलब्ध पानी को सिंचाई व अन्य कार्यों के लिए उपयोग किए जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है. कलेक्टर द्वारा पानी चोरी रोकने के लिए सख्त हिदायत दी गई है तो पानी चोरों पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं. इसके बाद भी किसान पेयजल के लिए सुरक्षित पानी की चोरी करने से बाज नहीं आ रहे. शुक्रवार को नपा के सहायक यंत्री विजय कोली, उपयंत्री वैभव लोवानिया और नपा के अमले ने भगवानपुरा तालाब का निरीक्षण किया. इस दौरान वहां चार मोटर लगी होने पर उन्हें जब्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया. हालांकि किसानों ने विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन नपा का अमला मोटर जब्त कर ले आया.

## नवीन सत्र में प्रवेश के लिए छात्रों से संपर्क

- 21 दिसंबर को केन्द्रीय मंत्री का कार्यक्रम संभावित
- भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**शाहगंज 19 दिसंबर.** कालेज चलो अभियान के प्रथम चरण में शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय बकतरा के प्राध्यापकों द्वारा शासकीय उमावि भारकच्छ कला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमोन एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोबी जाकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं से नवीन सत्र के प्रवेश के लिये संपर्क किया गया.

इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत संचालित बहुविषयक पाठयक्रम , स्पोर्ट्स, राष्ट्रीय सेवा योजना, व्यक्तिव विकास , स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ और म0प्र0 शासन द्वारा संचालित योजनाओं जैसे गॉव की बेटी ,पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति, प्रतिभा किरण योजना एवं उच्च शिक्षा हेतु विदेश अध्ययन सुविधा आदि की जानकारी दी गई। प्रवेश पूर्व छात्रों को किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए महाविद्यालय आकर संपर्क करने के लिये प्रोत्साहित किया गया और विद्यार्थियों को सलाह दी गई की वे अपने नजदीकी महाविद्यालय में प्रवेश हेतु वरियता दें. इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहें

# विधायक ने कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

- 21 दिसंबर को केन्द्रीय मंत्री का कार्यक्रम संभावित
- भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**सलकनपुर 19 दिसंबर.** देवीधाम सलकनपुर में 21 दिसंबर को होने वाले केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम को लेकर विधायक रमाकांत भार्गव ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली.

सलकनपुर मंडल बनबीर चंद्रवंशी द्वारा 47 बूथों अंतर्गत सभी 24 पंचायतों पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या सलकनपुर पहुंचने का आह्वान किया। पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान दोपहर साढ़े तीन बजे देवीधाम सलकनपुर पहुंचेंगे जहां लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत विभिन्न कार्यों का लोकार्पण करेंगे. वहीं करोड़ों की लागत से बन रहे देवलोक का अवलोकन भी करेंगे. इसके अलावा साथ ही कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे. क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव द्वारा शुक्रवार को बैठक ली जिसमें भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ रामगोपाल ट्रेलर, नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र पटेल, गजराज सिंह, महेश उपाध्याय, अनार सिंह चौहान, मनोहर लाल



महेश्वरी, केशव चौहान, प्रेम नारायण मीणा, मुन्ना रघुवंशी, दुर्गेश सोनी, अरविंद दुबे, रेखीराम यादव, जगदीश नाविक, प्रदीप पटेरिया, सुनील गौर, प्रखर नायक, मीडिया प्रभारी संदीप चौहान, पुरुषोत्तम यादव, सुभाष पाल, राम गोविंद तिवारी, जतिन सोनी, विनोद उईके, राजीव शर्मा, हनुमत सिंह राजपूत, मेहरबान सिंह, महेश हरियाले सहित मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग लोक निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे.

**धार्मिक** — सिंधी कालोनी में जारी भागवत कथा श्रवण करने पहुंच रहे श्रोता

# संसार पर नहीं सर्वेश्वर पर कर दो सब कुछ अर्पित

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 19 दिसंबर.** सिंधी कॉलोनी मैदान पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा पंडाल में शुक्रवार को भगवान श्री कृष्णा और माता रुक्मणी का विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ.

कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी और शिव शक्ति संस्कृतिक मंडल के वरिष्ठ संरक्षक अखिलेश राय भी पहुंचे उन्होंने श्रीमद् भागवत गीता का पूजन किया और कथा वाचक सुश्री प्रज्ञा विष्णु प्रिया का सम्मान किया.



श्रद्धालु महिलाओं ने माता रुक्मणी को दुल्हन की तरह सजाया तो वही ठाकुर जी भगवान श्री कृष्णा भी दूल्हे के रूप में दिखाई दिए. रुक्मणी विवाह में भजन कीर्तन नहीं हुआ श्रद्धालु महिलाएं भाव विभोर होकर नाचती गाती दिखाई दीं. सुश्री प्रज्ञा विष्णु प्रिया ने ठाकुर जी की रासलीला और गोपियों के प्रसंग को बहुत ही सुंदर भाषा में प्रस्तुत किया. उन्होंने बताया कि गोपी रूपी आत्माएं ठाकुर जी की रासलीला में सम्मिलित होकर अपने सर्वश्रेश्वर पर सब कुछ अर्पण कर देती हैं. भगवान को पाना है तो अपना सर्वस्व सर्वेश्वर पर अर्पित कर दो.


**न्यायालय तहसीलदार तहसीलदार तहसील सीहोर नगर जिला सीहोर**

प्र.क्र./480/रीडर/2025 सीहोर दिनांक 18/12/2025
प्रकरण क्रमांक 0001/अ-20(3)/2025-26 ग्राम छावनी

**// जाहिर सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। संस्था का नाम Nagar palika sehore संस्था का प्रकार Other संस्था का पता Nagar palika sehore, behind Govt Hospital द्वारा नगरीय जिला सीहोर के ग्राम छावनी सीहोर आवेदित शीट नं0 44 भूखण्ड क्रमांक 19 रकबा 5425 वर्गमीटर का स्थानीय निकाय को भूमि स्वामी हक में भूमि का दिया जाना भूमि आवंटन / नजूल भूमि स्थायी पट्टा स्वयं संस्था के नाम चाहा गया है। उक्त संबंध में यदि किसी विभाग या अन्य नगरवासी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति जाहिर सूचना के 15 दिवस के अंदर न्यायालय में स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के द्वारा प्रस्तुत कर सकता है। वाद म्याद प्राप्त किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उदघोषणा आज दिनांक 18/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील सीहोर नगर**